ftyk lpuk dk;kZy; gfj}kjA
fudV noiqjk pkSd] iqjkuh dpgjh] gfj}kjA
E-mail: suchnaharidwar@gmail.comदूरभाष : 01334–226695, मोबाइलः 9412074595

दिनांक : 05.04.2017

प्रेस विज्ञप्ति

प्रदेश के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कोर कॉलेज रूड़की द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करते हुए कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के खिलाप जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर नियंत्रण से प्रदेश के विकास में स्वतः ही तेजी आयेगी। श्री रावत ने कहा कि संतुलित एवं पारदर्शी विकास पर बल देना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण प्रदेश का सर्वांगीण विकास हो एवं सभी को समान अधिकार मिले इसके लिए ठोस ट्रांसफर एक्ट बनाया गया है। उन्होंने कहा कि रोजगार, शिक्षा, एवं स्वास्थ्य के अभाव के कारण पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन बड़ी चिन्ता है। पर्वतीय क्षेत्रों में रोजगार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य आदि सुविधाओं तथा पलायन को रोकने के लिए कमेटी का गठन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार सृजन हेतु रोजगार सृजन एवं कौशल विकास मंत्रालय बनाया गया है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को भी इस तरह के कार्यों में आगे आने को कहा जिससे प्रदेश के अन्य लोगों का भी रोजगार सृजन हो सके।

विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचन्द्र अग्रवाल ने कहा कि पर्यटन एवं धार्मिक दृष्टि से उत्तराखण्ड की देश में एक अलग पहचान है। राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड बनाने की राज्य सरकार की योजना है। शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि अगले पांच सालों में विकास की दृष्टि से उत्तराखण्ड की गिनती अग्रणी राज्यों में होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश को कैसलेश बनाने के लिए कोर कॉलेज के छात्र भी लोगों जानकारी प्रदान कर सहयोग दें। उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश में 21 विश्व विद्यालय हैं। प्रत्येक विश्व विद्यालय में 100 फीट का तिरंगा फहराया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी महाविद्यालयों शैक्षिक सत्र का पंचाग निर्धारित होगा। महाविद्यालयों में प्रत्येक सत्र में कम से कम 180 दिन पढ़ाई होगी। छात्रों की भी 180 दिन की उपस्थिति अनिवार्य होगी। अन्यथा उन्हें परीक्षा में नहीं बैठने दिया जायेगा। जिन बी.एड कॉलेजो में भी पूरी उपस्थिति नहीं होगी उनकी मान्यता खत्म कर दी जायेगी। उन्होंने कहा कि अगले सत्र से कॉलेजों में भी ड्रेस कोड की योजना बनाई जा रही है। सभी कॉलेजों को नशा मुक्त किया जायेगा। किसी भी कॉलेज परिसर के 200 मीटर की परिधि में मादक पदार्थों की दुकान नहीं होगी।

इस अवसर पर मेयर मनोज गर्ग, विधायक आदेश चौहान, सुरेश राठौर, कुंवर प्रणव चैंपियन, प्रदीप बत्रा, देशराज कर्णवाल, भाजपा के हरिद्वार जिलाध्यक्ष जयपाल सिंह, रूड़की जिलाध्यक्ष कल्पना सेनी, जे.सी. जैन, अनुराग राय, मे. जनरल ए.सी. चतुर्वेदी, मे. जनरल, ओ. पी. सोनी, डॉ महावीर अग्रवाल, विकास तिवारी, कामिनी सड़ाना आदि उपस्थित थे।

———————————————————————————————————

उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने रामनवमी एवं स्वामी रामदेव के सन्यास दीक्षा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्वामी रामदेव को शुभकामनांए दी। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति सनातन संस्कृति है। जो अनादि काल से चली आ रही है। यह संस्कृति हमें सन्यासियों की परम्परा से मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा स्वामी रामदेव जी ने योग के माध्यम से प्रदेश ही नहीं अपितु देश विदेश में भी उत्तराखण्ड को एक नई पहचान दिलाई है। स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग एवं उपभोग उनका मूल मंत्र है। मुख्यमंत्री ने स्वामी रामदेव एवं अन्य संतो का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने योग एवं आयुर्वेद पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण, आचार्य स्वामी अवधेशानन्द , स्वामी रघुमुनि महाराज, आचार्य प्रद्युम्न जी महाराज, मेयर मनोज गर्ग, विधायक स्वामी यतीश्वरानन्द, आदेश चौहान, सुरेश राठौर, कुंवर प्रणव चैंपियन, प्रदीप बत्रा, देशराज कर्णवाल, भाजपा के हरिद्वार जिलाध्यक्ष जयपाल सिंह, रूड़की जिलाध्यक्ष कल्पना सेनी, मनोज जोशी, आशीष, कामिनी सड़ाना, विकास तिवारी आदि उपस्थित थे।

जिला सूचना अधिकारी
हरिद्वार